

शाहाबाद। ऑनलाइन ओरियंटेशन कार्यक्रम भाग लेती छात्राएं।

# ऑनलाइन ओरियंटेशन कार्यक्रम आयोजित

शाहाबाद मारकंडा, 29 नवम्बर (विजय कुमार): आर्य कन्या महाविद्यालय के उद्यमिता क्लब एवं आत्मनिर्भर भारत क्लब द्वारा छात्राओं के लिए ऑनलाइन ओरियंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डा. योगेश वर्मा असिस्टेंट प्रोफेसर मैनेजमेंट विभाग गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी रहे। कॉलेज की प्राचार्या डा. सुनीता पाहवा ने मुख्य वक्ता डा. योगेश वर्मा का स्वागत किया और कहा कि छात्राएं इस व्याख्यान से बहुत कुछ सीख कर अपने जीवन में आत्मनिर्भर बन सकती है। उद्यमिता क्लब की संयोजिका एसोसिएट प्रो. वीना ने मुख्य वक्ता का परिचय करवाया।

डा. योगेश वर्मा ने अपने वक्तव्य में छात्राओं को उद्यमिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी और भारत सरकार द्वारा उद्यमिता को बढ़ाने के लिए चलाई जा रही बहुत सारी सुविधाओं व योजनाओं के बारे में बताया। आत्मनिर्भर भारत क्लब की संयोजिका डा. हेमा सुखीजा ने मुख्य वक्ता का धन्यवाद किया। इस मौके पर दोनों क्लब के सदस्य अर्चना निरंजन, हेमा सुखीजा, स्वाति अत्री, निकिता व महेश धीमान सहित लगभग 120 छात्राओं ने इस व्याख्यान में भाग लिया।